थाना खन्ना पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे तलाश वांछित/वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध धरपकड अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 17.02.2021 को प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री शिवआसरे द्वारा गठित टीम ने अभियान में सम्मलित होकर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09/21 धारा 306 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1. हेमन्त उर्फ महेन्द्र पुत्र मेड़ेलाल उम्र 25 वर्ष 2. श्रीमती राजकुमारी पत्नी मेड़ेलाल को उनके घर के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित कर अभियुक्तगण उपरोक्त को मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों का विवरणः-

1. हेमन्त उर्फ महेन्द्र पुत्र मेड़ेलाल उम्र 25 वर्ष
2. श्रीमती राजकुमारी पत्नी मेड़ेलाल निवासीगण ग्राम खिरूही थाना खन्ना जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 बाबू सिंह 2. हे0का0 शिव सिंह
3. का.राहुल तिवारी 4. म.का.हिमांशी...।

थाना कबरई पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे तलाश वांछित/वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध धरपकड अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 17.02.2021 को प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने अभियान में सम्मलित होकर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 68/21 धारा 379/411 भादवि व 4/21 खनिज अधि0 व 3/5 लोक सम्पत्ति क्षति निवा0 अधि0 मे वांछित अभियुक्त इरसाद उर्फ सवाली पुत्र श्री अफताब उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम रमईपुर थाना विधनु जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया ।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरणः-

इरसाद उर्फ सवाली पुत्र श्री अफताब उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम रमईपुर थाना विधनु जनपद कानपुर नगर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 महेन्द्र सिह तोमर
2. हे0कां0 शुरेन्द्र कुमार शुक्ला

दिनांकः- 17.02.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा महोबकण्ठ क्षेत्र में पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग व लोगो से की गई वार्ता...

आज दिनाँक 17.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम मय थाना महोबकण्ठ/सौरा चौकी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर पैदल गस्त करके संदिग्धों व अराजक तत्वों की चेकिंग की गई एवं पैदल गस्त के दौरान लोगो से वार्ता कर उनकी समस्याओ को जाना गया। साथ ही थानाध्यक्ष महोबकण्ठ को बार्डर पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। कोतवाली महोबा पुलिस मय पी0ए0सी0 बल के साथ शहर के सर्राफा बाजार, मेन मार्केट, आल्हा चौक, बस-स्टैण्ड, परमानन्द तिराहा आदि जगहो पर पैदल गस्त करके होटल/ढाबा/धार्मिक स्थल/संदिग्धों की चेकिंग की गई एवं जनपद के समस्त थानों द्वारा भी पैदल गस्त की गई।

"राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह" के तहत क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा वाहन चालकों को पम्पलेट्स देकर यातायात के प्रति जागरूक किया गया....

आज दिनाँक 17.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री रामप्रवेश राय एवं प्रभारी यातायात उ0नि0 अरविन्द कुमार मिश्रा मय टीम के **"राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह"** के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के तहत परमानन्द तिराहा पर जागरूकता अभियान चलाया गया तथा आने जाने वाले आम जनमानस/वाहन चालको को रोककर यातायात जागरुकता सम्बन्धी पम्पलेट्स देकर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्हे बताया गया कि वाहन चलाते समय फोन पर वार्ता/शराब का सेवन न करें, साथ ही हेलमेट व शीट बेल्ट आवश्य लगाये। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस के मु0आ0 अजय कुमार सिंह, मु0आ0 बृजकिशोर, आरक्षी अजय कुमार आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही यातायात नियमों के तहत **11 वाहनो से 1100/-रु0 शमन शुल्क व 60 ई-चालान किये गये।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कुलपहाड़ के "महिला हेल्प डेक्स" का किया गया औचक निरीक्षण

आज दिनाँक 17.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना कुलपहाड़ में "मिशन शक्ति" के तहत स्थापित "महिला हेल्प डेक्स" का औचक निरीक्षण किया गया। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी से प्राप्त शिकायतों का विवरण मांगा गया एवं निस्तारण की स्थिति को देखा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटीरत महिला आरक्षी व सम्बन्धित को प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने व फीड-बैक लेने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही थाना कार्यालय के अभिलेखों को चेक किया गया एवं आगामी पंचायत चुनावों को लेकर विवादों के निस्तारण व **H.S.** एवं शातिर अपराधियों की प्रभावी निगरानी/चेकिंग हेतु प्र0नि0 कुलपहाड़ श्री रविन्द्र कुमार तिवारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।